卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 93 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦8 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in


# कर्णप्रयाग में भी पड़ी दरारें

चमोली (उद ब्यूरो)। जोशीमठ से शुरू हुआ भू-धंसाव अब कर्णप्रयाग तक पहुंच गया है। कर्णप्रयाग के बहुगुणा नगर में मौजूद करीब पचास घरों में दरार आने लगी हैं। भू-धंसाव के कारण इन घरों की दीवारें दकरने लगी हैं। घरों के दरकने के बाद पीड़ितों ने प्रदेश सरकार से मदद की गुहार लगाई है। घरों में दरार आने के बाद खतरे को भांपते हुए बहुगुणा नगर के कई परिवार यहां से जा चुके हैं। सभी ने अपने रिश्तेदारों के घरों में शरण ली है। वहीं, कर्णप्रयाग के अपर बाजार वार्ड के तीस परिवारों पर भी ऐसा ही संकट आया है। सभी लोग प्रदेश सरकार से मदद मांग रहे हैं। प्रभावितों का कहना है कि यहां पर मंडी बनाने के लिए खुदाई की गई थी, जिसके बाद मकान हिल गए और अब मकान पूरी तरह से ध्वस्त होने की कगार पर हैं। बरसात के दौरान यहां पर रहने में बहुत ज्यादा परेशानी होती है। अभी तो जैसे-तैसे काम चला रहे हैं। यदि बरसात हो गई तो लोग कहां जाएंगे। उधर जोशीमठ सहित दूसरे इलाकों में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। सेना को अलर्ट मोड पर रखा गया है। गढ़वाल कमिश्नर सुशील कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासन लगातार सेना के अधिकारियों के साथ



## दरारों ने नैनीताल में भी बढ़ाई टेंशन


नैनीताल(उद संवाददाता)। भू धंसाव और दरारों ने सरोवर नगरी नैनीताल में भी टेंशन बढ़ा दी है। भूस्खन के चलते नैनीताल का ऐतिहासिक बैंड स्टैंड छह माह से पर्यटकों के लिए बंद है।जुलाई में बैंड स्टैंड के समीप की दीवार भरभराकर झील में जा गिरी थी। जिससे बैंड स्टैंड से लेकर वाल्मीकि पार्क की ओर से दरारें लगातार बढ़ रही है। सिंचाई विभाग ने क्षतिग्रस्त दीवार के निर्माण और अन्य सुरक्षा कार्यों के लिए डीपीआर तैयार कर शासन को भेज है। लेकिन ट्रीटमेंट के लिए बजट अब तक जारी नहीं हो सका हैं। तीन वर्ष पूर्व (शेष पृष्ठ सता पर)

# जलशक्ति मंत्रालय की टीम कल जोशीमठ पहुंचेगी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री कार्यालय से लगातार संपर्क में हैं और जोशीमठ की स्थिति और वहां उठाए गए कदमों को लेकर अपडेट दिया जा रहा है।जोशीमठ से लौटने के बाद सीएम ने कहा कि वह जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। उधर जोशीमठ में भूधंसाव के मद्देनजर अध्ययन के लिए केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञों की टीम सोमवार को जोशीमठ पहुंचेगी। यह टीम क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद तीन दिन में भूधंसाव के कारण और प्रभाव पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को सौंपेगी। साथ ही गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी अलकनंदा से हो रहे भूकटाव के अलावा क्षेत्र में भूधंसाव के कारण निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग और जलविद्युत परियोजनाओं पर पडने वाले प्रभाव का आंकलन भी करेगी। चीन सीमा से सटे चमोली जिले के जोशीमठ शहर का धार्मिक और सामरिक महत्व है। साथ ही पर्यावरणीय दृष्टि से यह बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी अलकनंदा यहां से गुजरती है। जोशीमठ में भूधंसाव को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते दिवस अध्ययन के लिए टीम गठित की थी। इसमें केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग, जियोलाजिकल (शेष पृष्ठ सात पर)

# आग की भेंट चढ़ा मकान, पांच मवेशी जिंदा जले

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। शनिवार रात भनोली तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत दुनाड़ में एक मकान आग की भेंट चढ़ गया । भूतल वाले कमरों में बधे 5 मवेशी जिंदा जल गए। गांव के लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।आग से पड़ोस में सटे अन्य मकानों को खतरा पैदा हो गया था।हादसा भनोली तहसील की ग्राम पंचायत दुनाड़ के ग्राम सन में हुआ। रात लक्ष्मी दत्त पुत्र हंसा दत्त के मकान में आग लगने से पूरा मकान जलकर खाक हो गया। आग ने पड़ोस में हरीश चंद्र पुत्र गंगादत्त के मकान को भी चपेट में लिया। भीषण अग्निकांड में लक्ष्मी दत्त के मकान के गोठ में बंधी महेश चंद्र पुत्र नित्यानंद की 4 बकरियां व एक गाय जल गई, जबकि दूसरे



मकान में महेश चन्द्र पुत्र माधवानंद के जानवर बंधे थे। जिन्हें ग्रामीणों ने बाहर निकाल कर बचा लिया। आग लगने की भनक ग्रामीणों को रविवार तड़के लगी। सौभाग्य से इस मकान में कोई व्यक्ति नहीं रहता है। इस कारण जनहानि होने से बच गई।आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण एकजुट होकर आग बुझाने दौड़ पड़े। उन्होंने अथक प्रयास से आग पर काबू तो पा लिया, मगर तब तक लक्ष्मी दत्त पुत्र हन्सा दत्त का मकान जलकर खाक हो चुका था। गोठ में बंधे जानवर भी अग्निकांड की भेंट चढ़ गए। मकान में रखी खाद्य सामग्री व लाखों का सामान स्वाहा हो गया। समय रहते आग नहीं बुझाई जाती, तो इसके पड़ोस के अन्य मकानों को अपनी चपेट में लेने का अंदेशा था। इसकी सूचना तत्काल क्षेत्रीय पटवारी कोट महरबिन्द गोपाल सिंह व तहसील शासन को दे दी गई।

# आधा किलो चरस के साथ तस्कर पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में एएनटीएफ और रूद्रपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने आधा किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए सीओ ऑपरेशन अनुषा बडोला ने बताया कि नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस टीम को चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एबी 7562 पर सवार होकर सिंह कालोनी से आता दिखाई दिया। उसे रूकने का ईशारा किया तो वह मोटर साईकिल मोड़कर वापस सिंह कालोनी की ओर जाने लगा और अनियंत्रित होकर गिर गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता नितेश कुमार शर्मा पुत्र महेश चन्द्र शर्मा निवासी सिंह कालोनी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास के पन्नी में लिपटी कुल 540 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चरस बिन्दुखत्ता लालकुआ से लेकर आता है और चरस को फुटकर में रुद्रपुर,ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र व डिबडिबा क्षेत्र में में बेचता था। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने बरामद चरस कब्जे में लेकर नितेश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पकडने ववाली टीम में एएनटीएफ के प्रभारी विजेन्द्र शाह, उपनिरीक्षक विनोद जोशी ,महेश काण्डपाल, हेड कांस्टेबल आसिफ हुसैन, कांस्टेबल विनोद खत्री अरुणा चन्द ,कंचन चौधरी आदि शामिल थे।



# उचक्के ने महिला के हाथ से झपटा बैग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं ऑफिस से घर लौट रही महिला से अज्ञात उचक्के ने बैग झपट लिया और फरार हो गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में नेहा शर्मा पत्नी प्रमोद कुमार शर्मा निवासी आवास विकास ने कहा है कि वह आवास विकास स्थित निजी संस्था में (शेष पृष्ठ सता पर)


## ब्यूटी पार्लर ठेके पर उपलब्ध

रुद्रपुर में गुलाब रेस्टोरेंट के सामने हरिमंदिर गली में स्थित 30x30 फुट की किराये की दुकान में चल रहा बहुत आधुनिक ढंग से बना हुआ ब्यूटी पार्लर पूरे साजो-सामान सहित ठेके पर लें ।
(पूर्व में Lakme की फ्रेंचाइजी रही है)

पार्लर चलाने के इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
मोबाइल संपर्क-8077683095


# कलश यात्रा के साथ श्री हरिधाम का वार्षिकोत्सव शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गोपाल बिहार शारदा कालोनी स्थित श्री हरिधाम का वार्षिकोत्सव कलश यात्रा के साथ रविवार को शुरू हुआ। शुभारम्भ के अवसर पर मंदिर के महंत मनीष सलूजा के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए नवनिर्मित मंदिर परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुई। गाजे बाजों और धार्मिक जयकारों के साथ निकाली गयी कलश यात्रा और शोभा यात्रा से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शोभा यात्रा में अरविंद गुम्बर, किशन मिगलानी, सोनू छाबड़ा, सागर, शुभम अग्रवाल, पुष्पलता सिंह समेत तमाम श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। इस दौरान महंत मनीष सलूजा ने बताया कि 16 जरनवरी तक चलने वाले वार्षिकोत्सव में 13 जनवरी तक रोजाना दोपहर (शेष पृष्ठ सता पर)



# युवक ने किशोरी से किया दुष्कर्म

काशीपुर(उद संवाददाता)। टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में युवक ने किशोरी के साथ बलपूर्वक दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर चौकी क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि बीते 5 जनवरी को उसकी नाबालिग पुत्री से ढकिया गुलाबो निवासी कुकू सैनी पुत्र राजाराम सैनी ने घर के बाहर बलपूर्वक दुष्कर्म किया। इस दौरान विरोध करने पर आरोपी ने (शेष पृष्ठ सता पर)

# समाजसेवा के लिए बुद्धिजीवियों ने बनाया संकल्प फाउण्डेशन

## कोरोना काल में 'कोरोना सहायता समूह' बनाकर की थी जरूरतमंदों की मदद

रूद्रपुर(उद संवाददात)। कोरोना महामारी के संकट काल में मरीजों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए बनाया गया 'कोरोना सहायता समूह' अब 'संकल्प फाण्डेशन' संस्था के रूप में समाजसेवा और जरूरतमंदों की सेवा के कार्यों को आगे बढ़ायेगा। सिटी क्लब में आयोजित शहर के बुद्धिजीवियों समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक में यह अहम फैसला लिया गया। तय किया गया कि चिकित्सा के साथ साथ अब जरूरतमंद बच्चों को उच्च शिक्षा देकर उनका कैरियर संवारने के लिए भी संस्था तत्परता से काम करेगी। इसके साथ-साथ शहर की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के (शेष पृष्ठ सता पर)





# रुद्रपुर के महादानियों ने दिल खोलकर दिया दान

रूद्रपुर। समाजसेवी जेबी सिंह ने बताया कि कोरोना सहायता समूह ने कोरोना के 180 गंभीर मरीजों को समूह की ओर से संचालित कोविड अस्पताल में भर्ती कराया था। जिनमें से 179 स्वस्थ होकर घर लौटे। एक मरीज की जान गयी वह भी मरीज के परिवार की लापरवाही से । क्यों कि परिवार के लोग मरीज को अपनी मर्जी से अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर ले गये। उन्होंने बताया कि कोविड मरीजों को घर से अस्पताल भर्ती कराने और उन्हें घर छोड़ने तक की व्यवस्था समूह की ओर से की गयी थी। इसके अलावा जरूरतमंदों को राशन, अस्पतालों में पीपीई किट, चिकित्सा सेवाओं के साथ अन्य काम भी सभी के सहयोग से किये गये। उन्होंने कहा कि कोरोना की आपदा में शहर के समाजसेवियों ने वास्तव में मानवता का धर्म निभाया। इसके लिए उन्होंने सभी का (शेष पृष्ठ सता पर)

**कोरोना काल में 59.52 लाख रूपये जरूरतमंदों पर किये खर्च**

# संघ ने शीत शिविर में कई कार्यक्रम आयोजित


गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक दिवसीय शीत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों के शारीरिक, मानसिक विकास के लिए खेलकूद सहित देश प्रेम की भावना को जागृत करने को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक दिवसीय आयोजित शीत शिविर का शुभारंभ जिला कार्यवाह समर पाल एवं नगर संघचाल रामप्रसाद ध्यानी द्वारा संयुक्त से किया गया। शिविर में नगर क्षेत्र एवं ग्रामीण स्थानों से आए दर्जनों स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। शिविर में स्वयंसेवकों की नव चेतना, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया जिनके खाने-पीने से लेकर रहने की व्यवस्था विद्यालय में ही की गई थी। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह समर पाल सिंह ने बताया कि संघ के शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास किस प्रकार से होता है व किस प्रकार मातृभूमि की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। यह विभिन्न क्रियाएं शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों को बताई जाती हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 5 से लेकर 40 वर्ष तक आयु के व्यक्ति स्वयं की इच्छा से स्वयंसेवक(आत्मनिर्भर) बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को शाखा के शिविर में मातृभूमि से लेकर, नवचेतना, समाज में उठना बैठना, बौद्धिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विभिन्न खेलकूद कार्यक्रमो के द्वारा जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में देश प्रेम की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। शाखा के शिविर में आर एस एस के ध्वज को फहराकर सलामी भी दी गई। कार्यक्रम में राजकुमार सुखीजा, धीरज पंत, जीवन जोशी, सुमित गाबा, कुणाल नारंग, प्रियांशु, अशोक कुमार आर्य, रोहित सुदामा, निपुण गगनेजा सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।





# सिडकुल वेलफेयर एसोसिएशन ने महाविद्यालय को 300 कुर्सी मेज दी

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय सितारगंज को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा जी के प्रयास से सितारगंज सिडकुल वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से 300 अतिरिक्त स्टूडेंट्स के लिए मेज कुर्सी सेट निशुल्क प्रदान किए गए। प्राचार्य डा सुभाष वर्मा ने माननीय मंत्री जी को अवगत कराया था कि इस वर्ष सीटें बढ़ जाने के कारण छात्रों के बैठने के लिए फर्नीचर नही है। इसलिए महाविद्यालय की समस्या को देखते हुए माननीय मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा ने तत्काल प्रभाव से सितारगंज सिडकुल



वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष और गुजरात अंबुजा कंपनी के प्लांट हेड श्री एस सी गुप्ता को निर्देशित किया कि छात्रहित में 300 मेज कुर्सियां महाविद्यालय को दान दी जाएं। महाविद्यालय परिवार ने इस सहयोग और योगदान के लिए माननीय मंत्री जी और सिडकुल एसोसिएशन का हार्दिक आभार प्रकट किया है। कालेज के शिक्षक संघ के डॉ. अनीता नेगी, डॉ. राजविंदर कौर, डॉ. सत्यमित्रा सिंह, डॉ. वंदना बंसल, डॉ. चारु उप्रेती डॉ. कमला उपाध्याय डॉ. भुवनेश कुमार, डॉ. नीति चौहान, डॉ. सविता रानी, डॉ. रितिका गिरि, डॉ. कार्तिकेय भट्ट आदि ने भी कैबिनेट मंत्री का आभार प्रकट किया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के प्रयास से आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित

गदरपुर(उद संवाददाता)। भीषण ठंड में आंगनबाड़ी केंद्रों के खुले होने से छोटे बच्चों सहित परिवारों को आ रही समस्याओं को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से वार्ता कर आंगनबाड़ी केंद्रों को कुछ दिनों के लिए बंद किए जाने की मांग की थी जिस पर जिलाधिकारी ने 7 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखने के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि शीतलहर के चलते बीती 31 दिसंबर को जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने छोटी कक्षाओं के बच्चों को दृष्टिगत रख स्कूल को कुछ दिनों के लिए बंद करने के निर्देश दिए थे। स्कूलों ने डीएम के आदेश का पालन करते हुए शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया था परंतु आंगनबाड़ी केंद्र पूर्व की भांति खुले रहे जिससे कपकपाती ठंड में भी छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में बुलाया जा रहा था जिससे तमाम परिवारों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा था जबकि ना चाहते हुए भी काफी संख्या में परिवार अपने छोटे-छोटे बच्चों को भीषण ठंड में आंगनबाड़ी केंद्र में भेजने को मजबूर थे। उनकी परेशानी को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के काशीपुर जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद किए जाने को लेकर जिलाधिकारी युगल किशोर पंत से वार्ता कर आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी शीतकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की थी। गुंजन सुखीजा के अनुरोध पर डीएम युगल किशोर पंत ने 7 जनवरी 2023 से 15 जनवरी 2023 तक आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखने के आदेश दिए हैं। डीएम के आदेश ने कई परिवारों को राहत पहुंचाने का कार्य किया जिन्हें मजबूरन अपने बच्चों को भीषण ठंड के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्रों में भेजना पड़ रहा था ऐसे तमाम परिवारों ने जिलाधिकारी और भाजपा जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

# जिला परिषद की भूमि का किया सीमांकन

## 13 करोड रुपए की लागत से प्रस्तावित है ट्रंचिंग ग्राउंड

गदरपुर(उद संवाददाता)। डीएम के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम मजरा हसन में जिला परिषद की भूमि पर कुछ अवैध अतिक्रमण कारियों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की सूचना पर भूमि की नाप जोख कर हदबंदी की गई। भूमि का सीमांकन करने पहुंचे राजस्व विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आदेशों का हवाला देकर सिर्फ भूमि की हदबंदी की बात की। जिस पर बुक्सा जनजाति के लोग राजी हो गए। जनजाति के लोगों ने उक्त भूमि पर टचिंग ग्राउंड के स्थान पर डिग्री कॉलेज या अस्पताल बनाने की मांग दोबारा अधिकारियों के समक्ष रखी। शनिवार को मजराहसन में स्थित जिला परिषद की भूमि पर कुछ अवैध अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी युगल किशोर पंत के आदेश पर तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट के दिशा निर्देशन में राजस्व निरीक्षक गरीब सिंह राणा अन्य राजस्व कर्मियों के साथ मजरा हसन पहुंचे। सूचना मिलते ही काफी संख्या में बुक्सा जनजाति के लोग भी वहां पहुंच गए। और विरोध करने लगे। परंतु राजस्व विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि उपरोक्त भूमि का सीमांकन होना है। जिस पर ग्रामीण मान गए। राजस्व विभाग के अधिकारी भूमि की नपत करते हुए हदबंदी कर वापस लौट गए। जबकि इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी का कहना था कि क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने बुक्सा समाज के लोगों को आश्वासन दिया है कि यहां कूड़ा घर नहीं बनाने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण की मांग है कि प्रस्तावित भूमि पर टचिंग ग्राउंड बनाने के बजाय डिग्री कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्र या अस्पताल बनाया जाए। बताते चलें कि विकासखंड गदरपुर के ग्राम पंचायत झगड़पुरी के ग्राम मजरा हसन में करीब 4 एकड़ भूमि पर घ13 करोड़ रुपये की लागत से सॉलिघ्ड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट (टचिंग ग्राउंड) बनाया जाना प्रस्तावित था। उपरोक्त भूमि को करीब 70 साल पूर्व ग्राम प्रधान खेम सिंह ने स्कूल बनाए जाने के नाम पर दान की थी। जबकि सरकारी दस्तावेजों में भी उपरोक्त भूमि स्कूल के नाम पर दर्ज है। यदि उपरोक्त भूमि पर टचिंग ग्राउंड बनता है तो प्रस्तावित टचिंग ग्राउंड का मालिकाना हक नगर पालिका परिषद गदरपुर को दिया गया है। प्रस्तावित टचिंग ग्राउंड बनाने की शासन से स्वीकृति मिल चुकी है।जिसका करीब 6 करोड रुपए का बजट भी नगर पालिका गदरपुर को रिलीज किया जा चुका था। प्रस्तावित टचिंग ग्राउंड में नगर पालिका गदरपुर, नगर पालिका बाजपुर, नगर पंचायत केलाखेड़ा व सुल्तानपुर पट्टी सहित कुल 4 नगरपालिकाओ के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के कचरे को टचिंग ग्राउंड में लाकर निस्तारित किया जाना तय था। जबकि बीती 19 दिसंबर 2022 को प्रशासन भूमि की हदबंदी और कब्जे को लेकर पहुंचा था परंतु ग्रामीणों के भारी विरोध को देखते हुए उन्हें बिना कब्जे लिए बैरंग वापस लौटना पड़ा था।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी सम्मानित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार राय ने मासिक अपराध गोष्ठी में अपराधों की समीक्षा कर मातहतों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने माह दिसम्बर में प्रभावी पुलिसिंग और गुडवर्क के लिए 24 पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया। एसएसपी ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय सिंह नेगी,थानाध्यक्ष महिला थाना बरखा कन्याल, चौकी प्रभारी बग्वालीपोखर अवनीश कुमार,मकजि हेड का0 रेखा पाण्डे, एल आईयू अल्मोड़ा महिला हेड का0 इंदु बिष्ट, महिला थाना अल्मोड़ा हेड कानि0 धीरेन्द्र बड़ाल, कोतवाली अल्मोड़ा हेड कानि0 मनोज कुमार, कोतवाली अल्मोड़ा हेड कानि0 सुरेन्द्र नेगी, थाना दन्या हेड कानि0 मनोहर राम, यातायात पुलिस कानि0 प्रेम सिंह, थाना दन्याकानि0 चन्द्र प्रकाश, थाना द्वाराहाट कानि0 सतीश भट्ट, थाना द्वाराहाटकानि0 नन्द किशोर भट्ट, थाना द्वाराहाटकानि0 मनोज कुमार पाण्डेय, थाना द्वारा हाट कानि0 संदीप सिंह, थाना भतरौजखान कानि0 कुलदीप सिंह, थाना सोमेश्वर कानि0 अरविन्द कुमार, थाना सोमेश्वर कानि0 बलवंत प्रसाद, साईबर सेल अल्मोड़ा कानि0 राजकुमार आर्या, सीओ पेशी रानीखेत कानि0 ललित बिष्ट, यातायात पुलिस म0कानि0 कविता, महिला थाना होमगार्ड चंदन सिंह, थाना भतरौजखान अनुचर नवीन पाण्डेय, पुलिस लाईन अल्मोड़ा अनुचर चन्दन सिंह बोरा, पुलिस लाईन अल्मोड़ा आदि को सम्मानित किया।





# खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

दन्या/अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। विकास खंड लमगड़ा के अन्तर्गत विभिन्न खेलों में अव्वल रहे खिलाड़ियों को जीआईसी बसंतपुर में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में जीआईसी बसंतपुर, जीआईसी देवीथल, उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय झालडुंगरा सहित न्याय पंचायत बडियार रैत क्षेत्र के बच्चे शामिल हुए. प्रधानाचार्य गणेश पंत ने बताया कि खेल महाकुंभ सहित अन्य प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रहे प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया है. उन्होंने बताया कि जो बच्चे सफल नहीं हो पाए हैं उन्हें भविष्य के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित भी किया गया है।

# अलाव जलाने के लिए बांटी लकड़ी

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ठंड से निजात के लिए नगर के पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष समर देवनाथ व उनके पुत्र समाजसेवी सूरज देवनाथ ने हाड़ कपाँती ठंड को देखते हुये अलाव के लिए मुहल्ले,गलियों,चौराहो मे बांटे। अलाव जलाकर व्यापारियों ने राहत की सांस ली। सूरज देवनाथ लगातार सामाजिक मुद्दों को लेकर साशन प्रशाशन के सम्मुख उठाते रहते है। देवनाथ ने कई असहाय,रोग से पीड़ित परिवारों को निस्वार्थ भाव से सहयोग किया। कोरोना काल के महामारी के समय दर्जनों जरूरत मंदो को निशुल्क दवाई उपलब्ध कराया। सूरज देवनाथ का कहना है कि मानव सेवा करने से उनको परम सुख मिलता है और भविष्य मे जब भी उनको मौका मिलेगा सदैव समाज हित मे कार्य व सेवा करेंगे।



# 16 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने 16 लीटर अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मलसा स्थित इण्डियन पेट्रोल पम्प के पास पीपल के पेड़ के नीचे कच्ची शराब बेच रहे जगतार सिंह जगतार सिंह पुत्र बलवीर सिंह निवासी मलसा गिरधरपुर थाना को पुलिस ने सफेद रंग के कट्टे में 64 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# देवेश बने एबीवीपी जनजाति सहकार्य प्रमुख

सितारगंज(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उत्तराखंड का 23 वां प्रांत अधिवेशन रुद्रपुर में संपन्न हुआ जिसमें उत्तराखंड के कोने-कोने से कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया अधिवेशन के तीसरे दिन कुछ कार्यकर्ताओं को विद्यार्थी परिषद ने दायित्व सौंपने का काम किया जिसमें सितारगंज के निवर्तमान छात्रसंघ सचिव और विद्यार्थी परिषद में नगर से लेकर प्रदेश तक कई दायित्व का निर्वहन कर चुके देवेश कुमार को एक बार पुन: विद्यार्थी परिषद ने उनकी कार्यशैली और नेतृत्व करने की क्षमता को देखते हुए प्रदेश के जनजाति सहकार्य प्रमुख का दायित्व सौंपा देवेश कुमार ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन ने मुझे सौंपी है उसका में पूर्ण ईमानदारी के साथ निर्वाहन करूंगा और संगठन को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रयासरत रहूंगा वही सितारगंज शहर के अंदर देवेश के दायित्व मिलने पर छात्र-छात्राओं में और समाजसेवियों में खुशी का माहौल है।



# प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए अजय भट्ट ने लिखा पत्र

जसपुर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने जसपुर विधानसभा के अंतर्गत तीरथ नगर के प्राचीन शिव मंदिर को पुरातत्व विभाग के अंतर्गत लाते हुए इसके सौंदर्यीकरण वह जीर्णोद्धार करने के लिए पत्र लिखा है। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने निदेशक संस्कृति विभाग उत्तराखंड को पत्र लिखकर कहा है कि वह 4 जनवरी को



स्वयं जसपुर विधानसभा के दौरे के दौरान तीरथ नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के दर्शन करने गए। साथ ही उन्होंने मंदिर का निरीक्षण भी किया, जिससे उसकी वास्तविक स्थिति का पता चला। इस मंदिर की स्थापना मेस्टन नामक व्यक्ति ने सन 1914 में की थी तब से लेकर आज तक यह मंदिर वैसा ही है। प्राचीन शिव मंदिर की महिमा पौराणिक है तथा व तुमडिया डैम और भोगपुर के किनारे स्थित है। श्री भट्ट ने निदेशक संस्कृति विभाग बीना भट्ट से दूरभाष पर वार्ता भी की साथ ही पत्र भी लिखा कि इस पौराणिक शिव मंदिर को पुरातत्व विभाग के अंतर्गत लाते हुए इसका जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की बेहद आवश्यकता है। जिससे कि दूरदराज के पर्यटक व श्रद्धालु यहां अधिक से अधिक संख्या में दर्शन करने आ सके।

# तहसीलदार ने जरूरतमंद परिवारों को कंबल बांटे

सितारगंज(उद संवाददाता)। तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए। शनिवार को तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने प्रशासनिक अमले के साथ सितारगंज एवं शक्तिफार्म क्षेत्र की विभिन्न मलिन बस्तियों में जरूरतमंदों को कंबल वितरण किए। भीषण सर्दी में लोग दिन के उजाले में भी बाइक और बड़े वाहनों की लाइट जलाकर सफर करते दिखाई



दिए। शीतलहर को देखते हुए जगमोहन त्रिपाठी ने निर्धन परिवार के लोगों को निशुल्क कंबल वितरित किए। इस दौरान अफसरों ने सार्वजनिक स्थानों पर अलाव भी जलवाए। बताते चलें तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी के नेतृत्व मे प्रशासन की टीम के द्वारा गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गये। प्रशासन की टीम के द्वारा बड़ा सराहनीय कार्य सितारगंज एवं शक्तिफार्म क्षेत्र में किया जा रहा है। जिससे नगर की जनता ने प्रशासन की टीम की सराहना की।


शीघ्र आवश्यकता है
SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को

1. रिसेप्शनिष्ट( महिला )-(1),योग्यता-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट-(1)योग्यता-B.C.A. /बी.कॉम, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. सेल्स एक्जीक्यूटिव- (25), योग्यता-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. मैनेजर- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम(कमीशन के आधार पर)
6. ड्राईवर (1) योग्यता आठवीं पास

बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।

पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाइवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657



वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर



अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur


# खनन माफियाओं को शह दे रही है भाजपा: लुंठी

बागेश्वर।(उद संवाददाता)। जिला कांग्रेस कमेटी की पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है।पूर्व



राज्य मंत्री व कांग्रेसजिला प्रभारी महेंद्र सिंह लुंठी ने कहा कि जनपद में प्रशासन ने खान माफियाओं को खुली छूट दी है। प्रशासन खान व्यववासियों को शह दे रहा है। प्रदेश में भृस्टाचार चरम पर है। पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में महेंद्र सिंह लुंठी ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश में खान माफियाओं,तस्करों को खुली छूट मिली है। प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। युवा नशे की ओर जा रहे हैं परंतु पुलिस प्रशासन कुछ नहीं कर पा रहा है। कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो नफरत छोड़ो यात्रा की सफलता के बाद अब राष्टीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा प्रारंभ हो रही है जिसके लिए जनता से संपर्क करने पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने संगठन मजबूती पर बल देते हुए जन हित से उठे मुददे उठाने की आवश्यकता जताई साथ ही आगामी नगर पालिका, लोकसभा चुनावों से पूर्व प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने के लिए रणनीति बनाए जाने पर बल दिया। बैठक में कई नए लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान हरीश ऐठानी, रंजीत दास,गीता रावल,सुनील भंडारी,सुनीता टम्टा, गिरीश कोरंगा,गणेश रावत, दर्शन जोशी, दीपक गड़िया,महेश पंत, भीम कुमार गणेश कुमार लोबियाल, किशन कठायत, पूरन सिंह असवाल, मोहन असवाल समेत ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने ली वनाग्नि सुरक्षा समिति की बैठक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में शनिवार को जिला कार्यालय सभागार में वनाग्नि सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी श्री पन्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मियों के सीजन में वनाग्नि की घाटनाओं को रोकने लिए समय से फायर लाईन बनाई जायें। उन्होंने जनपद में वनाग्नि से सम्बन्धित सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु तीनों प्रभागों में मास्टर कन्ट्रोल रूम स्थापित करने तथा मास्टर कन्ट्रोल रूम्स के साथ ही राज्य कन्ट्रोल रूम का नम्बर भी सार्वजनिक करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकरी ने ब्लॉक तथा ग्राम स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा समितियों को संक्रिय करने, चिन्हित संवेदनशील स्थानों के आप-पास वाली ग्राम पंचायतों के क्षेत्रवासियों को वनाग्नि की रोक-थाम, बचाव आदि के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिये। विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में वनाग्नि से पारिस्थितिकीय हानियों, सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय नुकसानों आदि के बारे में जागरूक करने के निर्देश शिक्षा तथा वन विभाग के अधिकारियों को



दिये। उन्होंने वन क्षेत्रों वाले गावों के युवक तथा महिला मंगल दलों को संक्रिय करने तथा वॉलिन्टियर बनाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने वनाग्नि की रोकथाम हेतु समय से सभी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम हेतु फायर, पुलिस, राजस्व, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, प्रभागीय वनाधिकारी वैभव सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी, सीएफओ वीबी यादव, एसीएफ एसके पन्त सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, तुषार सैनी, सीमा विश्वकर्मा, अभय प्रताप सिंह, रविन्द्र बिष्ट आदि शामिल हुए।

# आईजी ने एक दरोगा को किया निलंबित,पांच लाईन हाजिर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आइजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे ने पुलिस लाइन में ओआर के दौरान अवैध शराब की बिक्री में कार्रवाई न करने और डयूटी में लापरवाही बरतने पर एक उप निरीक्षक को निलंबित किया है। जबकि पांच उप निरीक्षकों को लाइन हाजिर किया है। आइजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे ने बताया



कि शनिवार को ओआर के दौरान सिडकुल ढाल पर ठेलों में अवैध शराब की बिक्री होने और महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाओं पर कार्रवाई न करने पर उप निरीक्षक मनोज कुमार को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा उप निरीक्षक ललित चौधरी, रम्पुरा चौकी प्रभारी अंबी राम आर्या, एसआइ मुकेश रावत, विकास रावत, अनुराग सिंह को अभियोग की विवेचना में लापरवाही बरतते हुए उन्हें लंबित रखने पर लाइन हाजिर किया गया है।

# जोशीमठ की सुरक्षा को प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जोशीमठ में हो रहे भू धंसाव को रोकने तथा यहां के निवासियों की सुरक्षा व विस्थापन की मांग को लेकर ऑल इण्डिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों ने तहसील कार्यालय रामनगर में धरना प्रदर्शन किया गया। धरने के पश्चात उपजिलाधिकारी रामनगर के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। धरने को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि जोशीमठ में पिछले एक साल से अधिक से भूस्खलन भू धंसाव की घटना हो रही है। जिससे जोशीमठ के सैकड़ों घरों में दरारें आ गयी हैं। हजारों लोग प्रभावित हैं। लोगों के आशियाने उजड़ रहे हैं। लोग वर्षों की मेहनत से बनाए अपने घरों से उजड़ कर सड़क पर आ गए हैं। इसके लिए एनटीपीसी द्वारा बनाई जा रही तपोवन विष्णुगाड़ परियोजना की टनल जिम्मेदार है। यह सब संज्ञान में होने के बावजूद शासन प्रशासन का उपेक्षापूर्ण बर्ताव आश्चर्यजनक है। जोशीमठ की पीड़ित जनता के सड़कों पर उतरने के बाद अब कहीं सरकार में कुछ हलचल दिखाई दी। लेकिन वह भी अभी तक औपचारिकता मात्र प्रतीत हो रही है। मुख्यमंत्री को तत्काल जोशीमठ में कैंप करके सभी पीड़ित परिवारों की तत्काल पुनर्वास की गारंटी करनी चाहिए। आइसा के नगर अध्यक्ष सुमित कुमार ने कहा कि जोशीमठ के सैकड़ों घर, अस्पताल, सेना के भवन, मंदिर, सड़कें, प्रतिदिन धंसाव की जद में



हैं और यह हर दिन बढ़ रहा है। 20 से 25 हजार की आबादी वाला नगर अदूरदर्शी विकास की भेंट चढ़ रहा है। एक तरफ तपोवन विष्णुगाड परियोजना की एनटीपीसी की सुरंग ने जमीन को भीतर से खोखला कर दिया है दूसरी तरफ बायपास सड़क जोशीमठ की जड़ पर खुदाई करके पूरे शहर को नीचे से हिला रही है।नगरपालिका परिषद जोशीमठ द्वारा कराए गये ताजा सर्वेक्षण में नगर के 550 के लगभग घर दरारों से पटे हैं। इनमें अधिकांश बहुत गम्भीर स्थिति में हैं, जो हल्के झटके से कभी भी ढह सकते हैं। एक हल्का भूकम्प इस नगर को जमींदोज करने के लिये पर्याप्त होगा। आपदा से बचाव के उपाय करने के बजाय आपदा की प्रतीक्षा करने का सरकार का रवैय्या बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।इंकलाबी नौजवान सभा के संयोजक एडवोकेट विक्रम मावड़ी ने कहा कि सरकार द्वारा कराए गए वैज्ञानिक सर्वेक्षण के समय 17 अगस्त 2022 के मुकाबले अब जनवरी 2023 तक स्थिति बहुत गम्भीर व चिन्ताजनक हो चुकी है। इसलिए तत्काल युद्धस्तर पर कार्यवाही की जरूरत है। जोशीमठ की आपात स्थिति के मद्देनजर तीन सूत्रीय ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि भूस्खलन के कारण बेघर हो रहे लोगों के तुरन्त विस्थापन पुनर्वास की व्यवस्था की जाय। जिनके घरों की क्षति हुई है उनकी क्षतिपूर्ति वर्तमान बाजार दर पर की जाए। पुनर्वास के समय जोशीमठ की व्यावसायिक स्थिति एवं महत्व को ध्यान में रखा जाय, एनटीपीसी को पूर्व में किये समझौते के पालन के लिए सरकार निर्देशित करे, जिसके तहत जोशीमठ के समस्त घर मकानों का बीमा किया जाना था। साथ ही एनटीपीसी की सुरंग को इस भूस्खलन के एक कारक के तौर जिम्मेदार मानते हुए जोशीमठ के लोगों को हुए नुकसान की भरपाई हेतु निर्देशित किया जाए, सम्पूर्ण जोशीमठ के घर मकानों के यथाशीघ्र सर्वेक्षण कर तत्काल बेघर हो रहे लोगों के आवास निवास की व्यवस्था की जाय। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में रेखा, लालमणि, दीक्षा, कंचन, मो. रेहान, विजय कुमार, उमेश कुमार आदि शामिल रहे।

# मनीषा रावल ने राष्ट्रीय कला उत्सव प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

देहरादून(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कला उत्सव प्रतियोगिता 2022-23 में उत्तराखण्ड की मनीषा रावल, ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जीत का परचम लहराया। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर निवासी कुमारी मनीषा रावल को शुभकामनायें देते हुए कहा कि स्थानीय खेल-खिलौने विधा के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कला उत्सव प्रतियोगिता 2022-23 में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि हेतु आपको हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत शुभकामनाएं। कु० मनीषा ने स्थानीय खेल-खिलौने विद्या के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर की कला उत्सव प्रतियोगिता 2022-23 प्रथम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर कला उत्सव प्रतियागिता का परिणाम आज दिनांक 07 जनवरी 2023 को भारत सरकार द्वारा जारी किये गये। भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष लोक कलाओं के संवर्धन एवं विकास हेतु माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 09 से 12 तक के विद्यार्थियों हेतु विभिन्न विधाओं में कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। कला उत्सव का आयोजन विद्यालय स्तर से जनपद स्तर राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगात्मक प्रतिस्पर्धा के रूप में विभिन्न चरणों में सम्पन्न होता है। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा कला उत्सव प्रतियोगिता 2023 दिनांक 03 जनवरी से 07 जनवरी 2023 तक भुवनेश्वर उडीसा में सम्पन्न हुए। इसी क्रम में आज दिनांक 07 जनवरी



2023 को राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का समापन पर परिणामों के साथ विजेता प्रतिभागियों को केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री मा० धर्मेन्द्र प्रधान जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें राइवका० सलानी जनपद बागेश्वर की कक्षा 09वीं की छात्रा कुछ मनीषा रावल, उत्तराखण्ड से राष्ट्रीय स्तर पर स्थानीय खेल खिलौने में छात्रा ने अथक मेहनत व प्रयास से राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा द्वारा कास्ट कला के माध्यम से सनातन धर्म की यज्ञ में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं बच्चों के खिलौने तैयार किये गये। इसमें सामान्य कास्ट का प्रयोग किया गया जो कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। मनीषा रावल की इस उपलब्धि पर राज्य परियोजना निदेशक श्री बशीधर तिवारी, अपर राज्य परियोजना निदेशक डॉ० मुकुल कुमार सती, उप राज्य परियोजना निदेशक, श्री प्रद्युमन सिंह रावत ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रा. उसके सहयोगी तथा मार्गदर्शक शिक्षक डॉ० हरीश दफौटी, गाइड शिक्षक डॉ० रमा खर्कवाल एवं श्री संजय शाह के साथ-साथ पूरे विद्यालय परिवार और जनपद बागेश्वर को बधाई देते हुए उनके इस अनुकरणीय कार्य की सराहना की गयी एवं छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# समाज के दर्पण के रूप में पत्रकारों की भी है महत्वपूर्ण भूमिका: धामी

## सीएम ने उत्तरांचल प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारणी के सदस्यों को दिलवाई शपथ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में उत्तरांचल प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारणी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग करते हुए




कार्यकारणी सदस्यों को शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरांचल प्रेस क्लब के भवन निर्माण, अतिथि गृह व पुस्तकालय निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सकें, इसके लिए उच्च स्तर पर सूचना महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी द्वारा कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण आन्दोलन के दौरान सक्रिय रहे पत्रकारों को भी आजीवन स्थाई मान्यता दिये जाने के संबंध में कमेटी का गठन किया जाएगा साथ ही पत्रकारों के लिए भी यू हेल्थ कार्ड बनाने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। समाज के दर्पण के रूप में भी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पत्रकारों द्वारा सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं अन्य पहलुओं के साथ ही आम जन की समस्याओं को आगे लाने का कार्य भी किया जाता है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। बड़े संकट के समय भी पत्रकार वीर जवानों की भांति सरकार एवं जनता के साथ कंधे से कंधे मिलाकर कार्य करते हैं। इस अवसर पर सूचना महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी, उत्तरांचल प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र भसीन, अध्यक्ष श्री अजय राणा, कोषाध्यक्ष श्री मनीष चन्द्र भट्ट, महामंत्री श्री विकास गुसाई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुश्री रश्मि खत्री समेत कई वरिष्ठ पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# जलती रहे घाटेवाले, ज्योत तेरी जलती रहे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्री आशुराणा, रवि राणा, शुभ डेल्स कॉलोनी, गंगापुर रोड, जेसीज स्कूल के आगे से राइट साइड, रूद्रपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज सेपहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप सेज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वारहै सच्चे मन से जो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायेंपहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, जो प्रेम सेबोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवंसभी भक्तों ने दूत





महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में सचिन मुरली श्री राम जय राम जय जय राम, अजयजायसवाल ने मेरे सिर पर रखदो बाबा अपने ये दोनों हाथ, बिट्टू अरोरा ने मेरे प्रेतराज सरकार बेड़ा पार करो, अंकुर भटनागर ने सुनलोबालाजी अर्जी हमारी, सुरेश मित्तल ने तुमने ही बुलाया है दरबार में आया हूँ, सतीश ग्रोवर ने मैं तो जपू सदा ही तेरा नाम, कृष्ण छाबड़ा नेबालाजी सबकी सुनते है तेरी भी सुनेंगे, रोहन भटनागर ने दीवाना तेरा आया बाबा तेरे मंदिर में, विपुल कुमार ने मेरी आशा ना तोड़ोबालाजी, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, शिव कुमार ने बाबा ये तेरा दरबारकरता सबका बेड़ा पार, आयुष अरोरा ने मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जायेंगे बाबा आयेंगे, श्रीवास्तव जी ने दुनिया से मैं हारा तो आयातेरे द्वार, योगेश चौहान ने हे दुख भंजन मारुति नंदन, प्रदीप यादव ने कोई दे ना सहारा दे मुझे तेरा सहारा है आदि भजन सुनाकर सबकोभक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा कीआरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खघ्रैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, गगन ग्रोवर, आयुष अरोरा, धर्मवीर चौधरी, अधिवक्ता यशपाल अरोरा, हर्षित ग्रोवर, खघ्रैरातकुमार, अजय जायसवाल, बिट्टू अरोरा, विराट रस्तोगी, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, अमन श्रीवास्तव, विपुल कुमार, पवन अरोरा, बिट्टूअरोरा, रोहन भटनागर, प्रशांत गिरी, निखिल भारद्वाज, पवन अरोरा, नरोत्तम गिरी, योगेश चौहान, अंश अरोरा, दीपक सैनी, राहुल अरोरा, विशाल आहूजा, नन्हे पाल, हेमंत पाल, विनोद आर्य, गुड्डू, प्रेम पाल, राजू थापा, के. पी. दत्ता, वैभव गोस्वामी, गर्व जोशी, हृदेश गोस्वामी, सोनू शर्मा, आदित्य नाथ झा, रवि राना, आशीष राना, हेमंत राना, अमित राना, रोहित राना, मेधाँश राना, नरेंद्र पाल सिंह बिष्ट, मुनीशगिरी, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# ई-चौपाल में डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ने ई-चौपाल में गांव में स्कूल, सस्ते गल्ले की दुकान, कूड़ा निस्तारण, पेयजल आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। बीडीसी सदस्य परमजीत सिंह की मांग पर अधिशासी अभियंता सिंचाई तथा बीडीओ को संयुक्त रूप से सिंचाई हेतु नहर का स्थलीय निरीक्षण कर, स्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग की भूमि से अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिये। धर्मेन्द्र कुमार ने रास्ता निर्माण की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने रास्ता निर्माण हेतु गांव की योजना में प्रस्ताव शामिल करने के निर्देश पंचायतीराज तथा ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को दिये। श्रीमती रीता ने पीएम आवास योजना में आवास की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को पात्रता के आधार पर अटल आवास योजना में शामिल करने के निर्देश दिये ताकि शीघ्रता से लाभांवित किया जा सके। विभिन्न ग्रामवासियों द्वारा गन्दे पानी की निकासी की मांग की गई, जिस पर जिलाधि



कारी ने खण्ड विकास अधिकारी को गांव में पानी की निकासी समुचित व्यवस्था हेतु मौका मुआयना करने के निर्देश दिये। संगीता ने वर्तमान में गांव की जगह रूद्रपुर में निकास करने की बात करते हुए राशन कार्ड की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने वन नेशन वन वन कार्ड योजनान्तर्गत लाभांवित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिये। राजबाला, निशा, शबाना आदि ने पीएम आवास योजनान्तर्गत आवास चाहने की मांग की। तुलसी देवी ने ग्राम चाचर, धाधा, बकपुर, पिपलिया,गऊघाट, कठर्रा, नजीमाबाद आदि के क्षेत्रवासियों के आवागमन हेतु गोला नदी पर पुल बनाने की मांग की, जिस पर अधिशासी अभियंता लोनिवि ने बताया कि स्टीमेट बनाकर शासन को प्रेषित कर दिया गया है।जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी समस्या ई-समाधान चौपाल में आयी है उसे प्राथमिकता के अधार पर शीघ्र समाधान कराना सुनिश्चित करें, जिससे की किसी को भी छोटी-छोटी समस्याओं के लिये अनावश्यक ईधर-उधर चक्कर न लगाना पड़े। ई-चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, सहित सम्बन्धित अधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुड़े थे।

# ग्राम भमरौला में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के आदेशानुसार दिशा प्रोजेक्ट के अन्तर्गत जिला प्रशासन के सहयोग से ग्राम पंचायत भमरौला में विधिक साक्षरता , स्थाई लोक अदालत का प्रचार प्रसार एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम में टीम संख्या एक के समस्त प्राविधिक कार्यकर्ता



उपस्थिति रहे। पैनल अधिवक्ता एडवोकेट पूजा शर्मा द्वारा पॉस्को एक्ट संबधी कानूनी जानकारी ग्राम वासियों के साथ साझा की गई। एडवोकेट सुभाषिनी द्विवेदी द्वारा स्थाई लोक अदालत के बारे में बताया गया। प्राविधिक कार्यकर्ताओ द्वारा कार्यक्रम में आए ग्रामवासियों को विधिक जानकारी दी गई। भमरौला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा अभिवादन संबोधन दिया गया और भविष्य में पुनः विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु आमंत्रित किया। इस दौरान अनुराग आनंद, सुनील शर्मा, चंद बली यादव, राधेश्याम, कंचन सक्सेना, अनीता सक्सेना, सोनी यादव, शालिनी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# सीएम ने भू-धंसाव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ पहुंचकर भू-धंसाव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया व प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान मुख्यमंत्री भावुक





नजर आए। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह से प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जोशीमठ का धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से विशेष महत्व है। इस समय हम सबके सामने सबसे पुराने ज्योतिर्मठ को प्राकृतिक आपदा से बचाने की बड़ी चुनौती है। संकटग्रस्त परिवारों के पुनर्वास की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि भू-धंसाव रोकने के लिए तात्कालिक तथा दीर्घकालीक कार्य योजना पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है व जोशीमठ की सुरक्षा के लिए सीवर एवं ड्रेनेज जैसे कार्य को जल्द से जल्द कराया जाएगा। समय पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक करते हुए अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में रहने व चिकित्सा उपचार की समुचित व्यवस्था की जाए। प्रभावित क्षेत्र में सेक्टर और जोनल वार योजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि डेंजर जोन को तत्काल खाली करवाया जाए व स्थाई पुनर्वास के लिए सुरक्षित जगह तलाशी जाए। सभी विभाग टीम भावना से काम करें तभी हम लोगों की बेहतर ढंग से मदद करने में सफल होंगे। इस दौरान बदरीनाथ विधायक श्री राजेन्द्र भंडारी, कर्णप्रयाग विधायक श्री अनिल नौटियाल, थराली विधायक श्री भूपाल राम टम्टा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री रमेश मैखुरी समेत कई उच्चाधिकारी व जिलाप्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# कल लोहड़ी मेले में धूम मचायेंगी आलिशा अरोरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल पंजाबी महिला महासभा नगर इकाई द्वारा कल 9 जनवरी को प्रथम बार लोहड़ी मेले का आयोजन किया जा रहा है। सायं 6 बजे से सिटी क्लब में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में दिल्ली की मशहूर गायिका आलिशा अरोरा अपनी गायिका से धूम मचायेंगीं । यह जानकारी देते हुए पंजाबी महिला महासभा नगर इकाई की अध्यक्षा रेनू अरोरा, महामंत्री उर्वशी गाबा व कोषाध्यक्ष स्वाती कक्कड़ ने बताया कि मेले में आने वाले लोगों के लिए कई आकर्षक इनाम भी रखे गये हैं। जिनमें बेस्ट कपल अवार्ड, बेस्ट ओल्ड कपल अवार्ड, बेस्ट पंजाबी मुंडा अवार्ड, बेस्ट किचन क्वीन अवार्ड, बेस्ट पंजाबी कुड़ी अवार्ड तथा म्यूजिकल चेयर अवार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया इसके अतिरिक्त मेले में सरप्राईज गेम्स का भी आयोजन किया जा रहा है। मेले में पंजाबी व्यंजनों के स्वाद भरे कई स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं। सभी पदाधिकारियों ने नगर व आस पास की समस्त जनता से आयोजित लोहड़ी में परिवार सहित आने का आग्रह किया है।

## देसी शराब की बोतलें ले जाते दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रात्रि गश्त के दौंरान पुलिस ने एक शराब तस्कर को कट्टे में देशी शराब की बोतलें ले जाते दबोच लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक बिपुल जोशी व कांस्टेबल विशाल रावत रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर वह डीडी चौक के पास पहुंचे। जहां एक व्यक्ति हाथ में संदिग्ध रूप से कट्टा लाते दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता दर्शन सिंह पुत्र भगवान प्रसाद निवासी रम्पुरा बताया। उसके पास मौजूद कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमें 13 बातलें अवैध देशी शराब की बरामद हुईं। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर शराब तस्कर दर्शन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# नवीन वर्मा को व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष प्रत्याशी बनाने का निर्णय

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल के निवर्तमान जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश संगठन के आगामी चुनाव



पर चर्चा की गयी। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं महानगर अध्यक्ष हल्द्वानी योगेश शर्मा ने नवीन वर्मा को पुनः अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ाने का प्रस्ताव रखा गया। जिसको जिलाध्यक्ष उधमसिंह नगर राज कुमार भुड्डी, जिलाध्यक्ष चंपावत प्रकाश चंद्र तिवाड़ी, जिलाध्यक्ष बागेश्वर बलवंत सिंह नेगी, जिलाध्यक्ष रानीखेत मोहन सिंह नेगी, जिलाध्यक्ष काशीपुर सत्यभान गर्ग, जिलाध्यक्ष पिथौरागढ़ पवन जोशी, जिला समन्वयक त्रिलोचन जोशी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी, युवा जिलाध्यक्ष सौरभ भट्ट ने समर्थन किया। सभी ने एक स्वर में प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु नवीन वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया। बैठक में उपस्थित निवर्तमान प्रदेश पदाधिकारी बाबू लाल गुप्ता, ओम प्रकाश अरोरा, महेश चंद्र जोशी, एनसी तिवाड़ी, चंद्र शेखर पंत, राजेश अग्रवाल, नवनीत राणा, रूपेंद्र नागर, हितेंद्र भसीन, दिगंबर वर्मा ने समर्थन करते हुए श्री वर्मा को ही उपयुक्त प्रत्याशी घोषित किया। सभी ने कहा कि वर्तमान में संगठन को अत्यधिक प्रभावी बनाने हेतु नवीन वर्मा को एक मौका और दिया जाना आवश्यक है। पूरे सदन ने ध्वनिमत से इस प्रस्ताव को पारित किया। बैठक में उर्वशी बोरा, मनोज जायसवाल, विनीत जैन, कामरान कुरैशी सहित सभी पदाधिकारियों ने नवीन वर्मा को पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनाने हेतु पूर्ण सहयोग एवं समर्थन का भरोसा दिया। कार्यक्रम के मेजबान देवलचोड़ इकाई के अध्यक्ष पंकज प्रफुल्ल पांडे और महामंत्री अजय सिंह धामी ने सभी निवर्तमान प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों का स्वागत एवं आभार प्रगट किया। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि उपस्थित व्यापारीप्रतिनिधियों की भावनाओं को देखते हुए वह इस चुनाव में प्रतिभाग अवश्य करेंगे। उन्होंने इस स्नेह के लिए सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि वह सदैव व्यापारियों के हितों हेतु संघर्ष करते रहेंगे।

# अवैध कच्ची शराब के अड्डों पर पुलिस ने की ताबड़तोड़ छापामारी

## 155 लीटर जहरीली शराब समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। अलग-अलग स्थानों पर कच्ची शराब की कसीदगी करने वाले तस्करों के खिलाफ पुलिस ने छापामार कार्यवाही की। अवैध शराब के अड्डों पर कार्यवाही के दौरान पुलिस ने हजारों लीटर लहन नष्ट कर दिए। इस दौरान तीन तस्करों को पुलिस ने दबोचकर उनके कब्जे से कुल 155 लीटर जहरीली शराब बरामद की। छापामार कार्यवाही में पुलिस को मौके से बड़ी तादाद में शराब बनाने के उपकरण भी बरामद हुए। पकड़े गए तस्करों से जरूरी पूछताछ के बाद उनका आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। पुलिस की इस कार्यवाही से कच्ची शराब के कारोबारियों में खासा हड़कंप देखा गया। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने पहली कार्यवाही ग्राम गुलजारपुर बंजारी क्षेत्र में की। यहां अवैध शराब की कसीदगी में लगे थारी पीरुमदारा रामनगर निवासी सोनू सिंह पुत्र कपूर सिंह को



पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। इसी तरह ग्राम गुलजारपुर वन चौकी से पूर्व अवैध कच्ची शराब का निर्माण कर रहे राजपुर पीरुमदारा रामनगर जनपद नैनीताल निवासी सतनाम सिंह पुत्र जगीर सिंह को पकड़कर पुलिस ने उसके कब्जे से 55 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। ऐसे ही जगतपुर जंगल में अवैध कच्ची शराब का निर्माण कर रहे राजपुर पीरु मदारा राम नगर निवासी हरदीप सिंह पुत्र सतनाम सिंह को छापामार कार्यवाही के दौरान मौके से दबोच कर 50 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण लोहे का ड्रम, प्लास्टिक पाइप, एलुमिनियम पाइप, मिट्टी की हांडी, प्लास्टिक का डिब्बा आदि कब्जे में लिया। पकड़े गए तीनों शराब तस्करों से जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस ने उनका थाना साथ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया।

# जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय पहुँचकर छात्राओं के साथ किया संवाद

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने शनिवार को कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कपकोट का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास का निरीक्षण करते हुए बच्चों से छात्रावास में अच्छी पेंटिंग के साथ ही सफाई व्यवस्था रखने को कहा। उन्होंने



बालिकाओं से कहा कि वे पढाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों जैसे पेंटिंग, डांस, खेल, संगीत आदि में भी बढ-चढ कर भागीदारी करें, स्वस्थ शरीर व मन के लिए ये सब अति आवश्यक है, साथ ही व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण है। उन्होंने बालिकाओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं जानी तथा उन्हें हाइजीन संबंधी जानकारियां भी दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपने दुख-सुख आपस में शेयर करें, जिससे आपसी सामंजस्य बनता है व व्यक्तित्व विकास होता है।कहा कि छात्रावास में नगर पंचायत से एक पर्यावरण मित्र से साप्ताहिक सफाई हेतु व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी को छात्रावास परिसर का पानी ड्रेनेज व्यवस्था कराने, छात्रावास के बालिकाओं के स्वास्थ परीक्षण हेतु स्वास्थ शिविर भी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने खेलों में रूचि रखने वाली बालिकाओं को अन्य विद्यालयों से समन्वय कर खेल प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी को दिए।विद्यालय अधीक्षिका प्रेमा एठेनी ने जिलाधिकारी को बताया कि छात्रावास में 100 बालिकाएं रहती है। उन्होंने छात्रावास की समस्याएं बताते हुए छात्रावास में सफाई हेतु एक पर्यावरण मित्र, विजिटल रूम एवं शौचालय निर्माण, गेट पर चौकीदार की व्यवस्था, छात्रावास के आस-पास पेंडो की छटनी, छात्रावास के शौचालयों के पानी निकासी की उचित व्यवस्था, छात्राओं हेतु खेल कोच, वाद्य यंत्र दिलाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने को आश्वासन दिया। बालिकाओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधीक्षिका द्वारा बतायी गई समस्याओं का निदान किया जाएगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी ने बालिकाओं के साथ भोजन किया तथा संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं को जाना। इस दौरान श्री सनातन सेवा समिति के माध्यम से जिलाधिकारी श्रीमती पाल ने बालिकाओं को कंबल वितरित किए, व समिति द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की। इस दौरानउपजिलाधिकारी मोनिका,खंड शिक्षा अधिकारी चक्षुपति अवस्थी, अध्यक्ष सनातन सेवा समिति रमेश सिंह गढिया, उपाध्यक्ष गिरिश चन्द्र जोशी, सचिव गणेशदत्त उपाध्याय, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश ऐठानी, उपसचिव हरीश चन्द्र ऐठानी, व्यवस्थापक हरीश सिंह बिष्ट, सलाहकार तनुज तिरूवा आदि मौजूद थे।

# दो दिवसीय स्टार्टअप उत्तराखण्ड बूट कैम्प आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट को टेक्नोलॉजी एंड साइंस में दो दिवसीय स्टार्टअप उत्तराखण्ड बूट कैम्प का आयोजन किया गया ।बूट कैम्प का आयोजन आई.आई.एम. काशीपुर, डी.आई.सी. ऊधम सिंह नगर व सिक्स सिग्मा द्वारा किया गया । कैम्प में 100 छात्र-छात्राओं इंजीनियरिंग व फार्मेसी के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, प्रथम दिन कैम्प का शुभारंभ डॉ. सीमा अरोड़ा (डायरेक्टर, सिक्स सिग्मा कॉलेज) व श्री यू.के. तिवारी ( जी.एम. डी.आई.सी. यू.एस. नगर) द्वारा सयुक्त रूप से किया गया। प्रथम दिन आई.आई.एम. प्रोफेसर मिस्टर विवेक द्वारा प्रेजेंटेशन दी गई साथ ही मिस्टर लक्ष्य (डायरेक्टर के.एल.ए. ग्रुप) द्वारा उद्यमिता पर विस्तार से बताया गया । दूसरे दिन सिक्स सिग्मा संस्थान के मैनेजमेंट टीम मेम्बर श्री वंश डावर जी द्वारा शुभारंभ किया गया, श्री सूर्या (रिसर्च एसोसियेट-आई.आई.एम. काशीपुर फीड) व उत्कर्ष ( बिजनेस मैनेजर-आई.आई.एम. काशीपुर फीड ) द्वारा पिचिंग सेशन कराया गया साथ की सुश्री राधिका (कुनिंदा एग्रो ) द्वारा उद्यमिता के बारें में बात की गई । बुटैकंप के समापन के बाद छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन को अपना धन्यवाद प्रकट किया । संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, वाईस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट टीम मेम्बर वंश डावर,सी.ए.ओ. श्री अनुभव बाठला जी ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की । कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य श्री ललित सिंह बिष्ट व मैनेजमेंट टीम मेम्बर श्री वंश डावर ने बुटकैम्प के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा।

# गुरुद्वारा श्री दु:ख निवारण साहिब राजेन्द्र नगर की कमेटी गठित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री दु:ख निवारण साहिब राजेन्द्र नगर में मुख्य अतिथि सेवादार स. सोहन सिंह की अध्यक्षता में गुरद्वारा साहिब के लंगर हाल में नये चुनाव संबधी एक जनरल मीटिंग सम्पन्न हुई। मीटिंग में नई कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से चुना गया।



जिसमें स.रणजीत सिंह नागपाल को मुख्य सेवादार, स. हरविंदर सिंह कुकरेजा को महामंत्री और स.तीरथ सिंह कुकरेजा को कैशियर की सेवाओं से नवाजा गया। अन्त में स. रणजीत सिंह नागपाल ने सबसे पहले श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी का धन्यवाद और समूह साध सँगत का हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ में मुख्य सेवादार स.सोहन सिंह का भी आभार जताया और आशा व्यक्त की कि आप सदा ही अपना आशीर्वादऔर सहयोग नई कार्यकारिणी को देते रहेंगे। उन्होंने समूह साध सँगत जी का भी आभार व्यक्त किया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## वदेशी विश्वविद्यालय और पाठ्यक्रम

अब विदेशी विश्वविद्यालय भी भारत में अपने परिसर खोल सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इसका मसविदा पेश कर दिया है। हालांकि यह प्रस्ताव पुराना है, पर अब उसे अमली जामा पहनाया जा सका है। कई विदेशी विश्वविद्यालय बरसों से भारत में अपने परिसर खोलने के इच्छुक थे, मगर कुछ तकनीकी अड़चनों और शिक्षा की गुणवत्ता, पढ़ाने-लिखाने के तौर-तरीके के नियमन, शुल्क आदि को लेकर कई शंकाओं के चलते यह प्रस्ताव टलता आ रहा था। निस्संदेह इस नीति से उच्च शिक्षा में भारतीय विद्यार्थियों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने फिलहाल विदेशी विश्वविद्यालयों को दस साल के लिए मंजूरी देने का प्रावधान रखा है। उनके प्रदर्शन को देखते हुए नौ साल बाद फिर उनका नवीकरण किया जाएगा। दाखिला प्रक्रिया और शुल्क निर्धारण के मामले में इन विश्वविद्यालयों को स्वतंत्रता होगी। पर इससे यह सुविधा तो होगी कि बहुत सारे भारतीय विद्यार्थियों को अपने देश में रह कर ही विदेशी विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों को पढ़ने की सुविधा मिल जाएगी। बहुत सारे विद्यार्थी इसलिए बाहरी विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने जाते हैं कि यहां के विश्वविद्यालयों में वैसे पाठ्यक्रम नहीं हैं, जो उनमें हैं। अब वे पाठ्यक्रम अपने देश में भी उपलब्ध हो सकेंगे। इससे स्वाभाविक ही अपने यहां के सरकारी और निजी विश्वविद्यालय भी उनकी प्रतिस्पर्धा में ऐसे पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रयास करेंगे।हमारे यहां एक बड़ी समस्या यह भी है कि बढ़ती आबादी के अनुपात में स्कूल-कालेज और विश्वविद्यालय खोलना सरकार की क्षमता से बाहर होता गया है। शिक्षा पर अपेक्षित बजट न होने के चलते सबके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना चुनौती बना हुआ है। ऐसे में निजी संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाने लगा। इस तरह निजी स्कूल और कालेजों की बाढ़ तो आ गई, मगर उनमें मिलने वाली शिक्षा की कीमत चुकाना हर किसी के वश की बात नहीं रह गई है। इसलिए भी निजी शिक्षण संस्थान सदा आलोचना का विषय रहे हैं।हालांकि बहुत सारे निजी शिक्षण संस्थानों ने विदेशी विश्वविद्यालयों के अनुरूप पाठ्यक्रम और शैक्षणिक वातावरण देने का प्रयास करते हैं, पर इस पहलू पर भी असंतोष ही देखा जाता है। ऐसे में विदेशी विश्वविद्यालयों के हमारे यहां परिसर खुलेंगे, तो यहां के निजी शिक्षण संस्थानों पर भी उनसे प्रतिस्पर्धा पैदा होगी। फिर उन विश्वविद्यालयों में बहुत सारे प्रतिभावान लोगों को शिक्षण के अवसर भी पैदा होंगे। प्रतिभा पलायन पर कुछ हद तक रोक लगने की गुंजाइश भी बनेगी। जो मुद्रा विदेशी विश्वविद्यालयों में जा रही है, वह अपने देश में रुक सकेगी।नई शिक्षा नीति में एक वादा यह भी है कि निजी स्कूलों में शुल्क आदि के निर्धारण का व्यावहारिक पैमाना तय किया जाएगा, जिससे स्कूलों की मनमनी फीस वसूली पर लगाम लगाई जा सके। पर निजी और विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों को इस मामले में छूट क्यों है? पहले ही हमारे यहां उच्च निजी संस्थानों में फीस इतनी ऊंची है कि बहुत सारे विद्यार्थी इसलिए यूक्रेन आदि देशों का रुख करते हैं कि वहां यहां से कम खर्च पर गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो जाती है। अगर इस समस्या पर काबू करने का प्रयास नहीं होगा, तो विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसरों को भी विद्यार्थियों के अभाव से जूझना पड़ सकता है। अब शिक्षा का अर्थ केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूरा करा देना नहीं, उनमें कौशल विकसित करना और फिर विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम भी बन गई है। इस तरह अगर विदेशी विश्वविद्यालयों से प्रतिस्पर्धी वातावरण बनेगा, तो इस दिशा में बेहतर नतीजों की उम्मीद बनती है।

# स्वावलम्बी भारत अभियान खोलेगा उत्तराखंड के हर जिले में जिला रोजगार सृजन केंद्र

बेरोजगारी किसी भी विकासशील देश की बहुत बड़ी समस्या होती है हम भी रोज इस परेशानी के बारे में खबरों में पढ़ते है और सुनते हैं, हम सभी जानते हैं इस समस्या के बारे में केवल बात करने से इसका हल नहीं निकलने वाला, यदि हम सच में इसका हल निकालना चाहते हैं तो इसके लिए हमें अपने देश में एक अभियान चलाना होगा जब यह अभियान जन जन तक पहुंचेगा और सभी लोगों की इस में भागीदारी होगी तभी हम मिलजुल कर अपने युवाओं के लिए इस समस्या का समाधान ढूंढ पाएंगे। बेरोजगारी के बारे में बात तो बहुत सारे संगठन करते हैं लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाना हर किसी के बस की बात नहीं। रोजगार सृजन इस समय भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता है, तो प्रश्न यह है कि क्या 2030 तक भारत को पूर्ण रोजगार युक्त देश बनाया जा सकता है? क्या भारत की आर्थिक संपन्नता का मापदंड, 2030 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हो सकता है? जो अभी लगभग 3 ट्रिलियन डॉलर है। स्वदेशी जागरण मंच ने इस प्रकार के विषयों पर अपने प्रारंभिक काल से ही चिंतन मंथन किया है । वास्तव में तो 30 वर्षों के विभिन्न स्वदेशी अभियान, आंदोलन, जन जागरण के कार्यक्रम हो या रचनात्मक कार्यक्रम इन सब का अंतिम उद्देश्य राष्ट्र को आर्थिक स्वावलंबन के मार्ग पर आगे बढ़ाना ही है। राष्ट्र और स्वदेशी आंदोलन ठीक गति से बढ़ रहा था लेकिन तभी कोरोना महामारी ने विश्व और भारत में दस्तक दी उसके कारण अर्थव्यवस्था और रोजगार का बड़ा नुकसान हुआ। जहां जीडीपी में ऐतिहासिक गिरावट आई वही करोड़ों लोगों का रोजगार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ इन परिस्थितियों में स्वदेशी जागरण मंच ने देश को इस संकट से उबारने के लिए अनेक स्तरों पर चर्चा की और अंततः सितंबर 2021 में स्वदेशी शोध संस्थान द्वारा 'अर्थ-चिंतन 2021' गोष्ठी का आयोजन हुआ इस गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह श्री मुकुंद जी, केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी, श्री भूपेंद्र यादव, नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार, नाबार्ड के चेयरमैन डॉ जी. आर. चिंताला, मणिपाल ग्लोबल फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ टी. वी. मोहनदास पाई, अमूल के सीएमडी श्री रूपेंद्र सिंह सोडी, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो नागेश्वर राव व प्रोफेसर आशिमा गोयल, सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो के श्रीधर वैंबू, कनेरी मठ के स्वामी जी, पतंजलि आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण, जागरण मंच के प्रोफेसर भगवती प्रकाश, सुंदरम जी, डॉ अश्विनी महाजन आदि ने सहभाग किया। इस गोष्ठी में संपूर्ण चिंतन मनन अर्थ व रोजगार सृजन पर केंद्रित था। इसमें यह निर्णय हुआ कि भारत को पूर्ण रोजगार युक्त करने के लिए और अपने अन्य आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एक व्यापक योजना व अभियान चलाना चाहिए। रोजगार सृजन के रूप में बहुत बड़ी चुनौती समाज के सामने है, सरकार तो अपना प्रयत्न करती ही है किंतु आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक संगठनों का भी स्वाभाविक कर्तव्य है कि अपनी छोटे-बड़े प्रयत्न प्रारंभ करें। इसलिए स्वावलम्बी भारत अभियान के अंतर्गत यह प्रयत्न प्रारंभ हुआ और यह तय हुआ कि हर जिले में एक जिला रोजगार सृजन केंद्र का निर्माण किया जाएगा। साथ ही समाज की विशेषकर युवाओं की मानसिकता परिवर्तन हेतु एक बड़ा जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। उत्तराखंड में स्वावलम्बी भारत अभियान के तहत 2 रोजगार सृजन केंद्र खुल चुके हैं जिसमें एक देहरादून में है और दूसरा हरिद्वार में। यह रोजगार सृजन केंद्र स्वावलम्बी भारत अभियान के तहत वन स्टॉप सॉल्यूशन के अंतर्गत बनाया गया है जहां पर कुछ लोग फुल टाईम अपनी सेवा उपलब्ध कराएंगे। इस प्रांत की टोली के मार्गदर्शन में सृजन केंद्र विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराएगा जिसमें मुख्य रूप से सरकार की योजनाओं का किस तरह से लाभ लिया जाए इस बारे में केंद्र में उपस्थित लोग आम जनों को विस्तारपूर्वक बताएंगे। इस केंद्र में उपस्थित टीम उद्योग के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी बनाएंगे एवं आवश्यकता अनुसार शोध करेंगे। अगर किसी को उद्यम के लिए पूंजी जुटानी है तो उसके लिए भी टीम जानकारी पता कर उन उद्यमियों को पूंजी जुटाने में मदद करेंगे एवं लोन की आवश्यकता होने पर उद्यमियों को पुर्ण जानकारी दी जाएगी। यह टीम उद्यमियों के लिए आवश्यकता अनुसार संसाधन जुटाने में भी मदद करेंगी एवं उत्पादित वस्तुओं का मार्केटिंग भी इन्हीं के जिमेदारियों में दिया गया है। उत्तराखंड में अंतर्गत जल्द ही हर जिले में जिला रोजगार सृजन केंद्र खोला जाएगा। स्वावलम्बी भारत अभियान के तहत डिजिटल वॉलिंटियर्स को भी जोड़ा जा रहा है।

**- डॉ दिव्या नेगी**

# विद्यार्थियों को सिखाये सॉफ्ट स्किल के गुर

बागेश्वर/गरुड़ (उद संवाददाता) राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम नांदी फाउंडेशन के तत्वावधान में छः दिवसीय स्किल डेवलोपमेन्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में आर्थिक सामाजिक रूप से पिछड़े छात्राओं को स्किल डेवलपमेंट सम्बंधित गुर सिखाए गए। नांदी फाउंडेशन के इस निशुल्क ट्रेनिंग प्रोग्राम में मास्टर ट्रेनर प्रभात दिवाकर ने छात्रओं को कौशल विकास से संबंधित टिप्स दिए। आत्मनिर्भर भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत के आलोक में राष्ट्र के उत्थान के लिए हर संभव



कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि आज छात्राओं के लिए जीवन मे कौशल विकास की अपार संभावनायें हैं नोडल प्रशिक्षण डॉ शिव प्रकाश राय ने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में नांदी फॉउंडेशन द्वारा महिलाओं के कौशल को निखारने के लिए चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत उपयोगी हैं।डॉ करुणा मिश्र ने छात्राओं को वैयक्तिक विकास और आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाने को कहा। इस मौके पर मुख्य शास्ता डॉ हेमचंद्र दुबे ने कहा कि अध्ययन के साथ कौशल विकास द्वारा अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत मे प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र , निकिता मेहरा सपना आरती जीना बबिता जोशी किरन ज्योति आदि मौजूद थे।

# ग्रामीणों की समस्याओं का गांव पहुंचकर किया निस्तारण

## बस में सवार होकर दफौट क्षेत्र में आयोजित बहुउदेद्शीय शिविर में पहुंचे डीएम और अधिकारी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। डीएम अनुराधा पाल दफौट क्षेत्र के दौरे पर पहुँची।डीएम अपने अधिकारियों के साथ बस में सवार होकर राइका दफौट पहुँची।वही सड़क पर डीएम और अधिकारियों का अपने वाहनों के बजाय बस में अधिकारियों का आना लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। सरकार जनता के द्वार के तहत राइका. दफौट में आम जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में बहुउदेद्शीय शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित 27 शिकायतें पंजीकृत हुई,।जिनमें सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोंगो को विकासपरक योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, फसल बीमा, मुद्रा ऋण व स्टार्टअप ऋण योजनाओं सहित वित्तीय साक्षरता व बैंकिंग सुविधाओं से संबंधित जानकारियां भी दी गई।जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोंगो की समस्याओं का उनके क्षेत्र अथवा गांवों में जाकर निराकरण किया जाए, इसी के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जहां एक ही छत के नीचे सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित होकरजनसमस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कर रहे है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे बहुउद्देशीय शिविरों में उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं की जानकारियां ली जागरूक होकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की लाभ लें। लोंगो की छोटी-छोटी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर अधिकारी निराकरण करें। शिविर में मुख्य मार्ग से इंका दफौट तक पांच सौ मीटर सड़क बनाने, चमडथल से सिरौली तक पांच सौ मीटर सड़क किनारे नाली व दीवार बनाने, क्षेत्र में झूलते विद्युत तारो को ठीक करने,



सस्ते गल्ले की दुकान लगभग डेढ साल से बंद होने की बात कहते हुए कांडे में नए सस्ते गल्ले की दुकान खुलवाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को पूरानी दुकान को निरस्त करते हुए नए व्यक्ति को दुकान आंवटित करने सहित अन्य समस्याएं आई, जिसके बाद डीएम ने अधिकारियों को एक सप्ताह में लोगो की प्रमुख समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।शिविर में जिलाधिकारी ने दो दिव्यांग प्रमाण पत्र, आठ कृषको को कृषि यंत्र व विभिन्न ग्राम पंचायतों के 50 व्यक्तियों की आंनलाइन राशन कार्ड प्रति वितरित किए। साथ ही शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 मरीजों का परीक्षण कर मुफ्त दवायें व टानिक दी गई, समाज कल्याण विभाग द्वारा 12 वृद्धावस्था, दो दिव्यांग, दो विधवा आवेदन पत्र वितरित किये गए। तथा 15 लाभार्थियों का यूडीआइडी की जानकारी के साथ ही पंचायतीराज विभाग द्वारा 15 परिवार रजिस्ट्रर नकल, पूर्ति विभाग द्वारा 50 लोंगो को राशन कार्ड वितरित तथा 50 लोंगो को राशन कार्ड संबंधी जानकारी, बाल विकास द्वारा 25 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बेटी बचाओ-बेटी पढाओ की जानकारी दी गई।शिविर में अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल व मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह ने कहा कि 6 दूरस्थ क्षेत्रों में बहुउद्देश्यीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, शिविर में जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकारी हरगिरि, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आर चन्द्रा, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, जल संस्थान सीएस देवडी,जल निगम वीके रवि, ग्रामीण निर्माण विभाग रमेश चन्द्रा, लीड बैंक अधिकारी एनआर जौहरी समेत अनेक अधिकारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व आमजनता मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन के खिलाफ रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों ग्राम लालपुर में सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की हुई मौत के मामले में मृतक के पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में नदीम अहमद पुत्र स्व. अली अहमद निवासी लालपुर ने कहा है कि उसके पिता अली अहमद पुत्र लियाकत खां निवासी लालपुर रामनगर में मजदूरी का कार्य करते थे। 29 दिसम्बर 2022 की सांय पिता पैदल रोड पार कर रहे थे। इसी दौरान रूद्रपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने उसके पिता को टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता गिर कर गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गये। आस पास के लोगों ने 108 एम्बूलेंस से उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहाँ पिता की इलाज के दौरान कुछ ही देर में मृत्यु हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अंकिता हत्याकांड के आरोपितों की पैरवी कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता को हटाया

देहरादून। शासन ने वनंतरा प्रकरण में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व), कोटद्वार के पद से अमित सजवाण को हटा दिया है। इसके साथ ही पद पर नई तैनाती के लिए जिलाधिकारी पौड़ी से वरिष्ठ अधिवक्ताओं के तीन सदस्यीय पैनल का नाम भेजने को कहा है। वनंतरा प्रकरण पर पीडिता के पिता ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सजवाण की कार्यशैली पर नाराजगी जताई थी। उनका आरोप था कि सहायक शासकीय अधिवक्ता बेटी के हत्यारों को बचाने के लिए पैरवी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, मामले की सुनवाई आज तक फास्ट ट्रैक कोर्ट में शुरू नहीं हो पाई है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में मजबूती से पैरवी नहीं की जा रही है। साथ ही हत्याकांड के मुख्य आरोपितों की ओर से पैरवी का आरोप भी उन्होंने लगाया था। साथ ही मामले की सुनवाई के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता को तैनात करने की मांग की थी। शनिवार को अपर सचिव न्याय आरके श्रीवास्तव ने मामले की जानकारी लेने के बाद सहायक शासकीय अधिवक्ता की आबद्धता समाप्त करने का आदेश जारी किया। अपर सचिव न्याय ने पत्र में कहा नए पैनल में ऐसे नाम शामिल करने को कहा है, जिनके चरित्र, सत्यनिष्ठा और व्यावसायिक आचरण की पुष्टि स्वयं जिलाधिकारी के स्तर से हो।

# अपराध व नशे के विरुद्ध करें सख्त कार्रवाई: भट्ट

## पहाड़ी क्षेत्रों में यात्री वाहनों को रात्रि के समय प्रतिबंधित किया जाये

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी पंकज भट्ट ने पुलिस के सभी प्रभारी अधिकारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी में अपराध व नशे के विरुद्ध साख कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए। गोष्ठी से पूर्व कर्मचारियों का सम्मलेन लिया गया। जिसमे कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया। एसएसपी ने पुलिस द्वारा पिछले वर्ष प्रभावी पुलिसिंग तथा मेहनत और टीम वर्क से किए गए कार्य की सराहना की। सभी को इस वर्ष भी पूर्ण मनोभाव और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय एवम् संहिता में निर्दिष्ट पहलुओं का शत प्रतिशत अनुपालन कर प्रभावी कार्यवाही की जाय। एसआर मामलों में पुलिस मुख्यालय के द्वारा प्रेषित संशोधित नियमों के अनुरूप कार्यवाही की जाय। नकबजनी, लूट और चोरी के आपराधिक मामलों की संपत्ति बरामदगी प्रतिशत में बढ़ोत्तरी की जाय तथा आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा प्रभावी विवेचना और मुकदमे की प्रभावी पैरवी के लिए केस ऑफिसर स्कीम का शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाय। सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाए जाने के लिए रात्रि में भी पुलिस लगातार चेकिंग में रहे। पहाड़ी क्षेत्रों में आवागमन करने वाली सवारियों और दो पहिया वाहनों को रात्रि के समय प्रतिबंधित किया जाय। वांछित/इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी का प्रतिशत कम है। थाना प्रभारी कुशल रणनीति बनाकर टीमें



गठित कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। वांछित/इनामी अपराधियों के संबंध में सक्षम न्यायालय से विधिक कार्यवाही भी पूर्ण कर ली जाय। एसएसपी ने कहा थानों में लंबित मालों/वाहनों का शत प्रतिशत निस्तारण करें। सभी थाना प्रभारी चौबीसों घंटे संपर्क में रहेंगे। किसी भी पीड़ित द्वारा कॉल करने पर तत्काल कॉल अटेंड करते हुए यथोचित कार्यवाही करें। अवैध नशे में अंकुश लगाने के लिए थाने गंभीरता पूर्वक कार्य करें। ज्यादा से ज्यादा निरोधात्मक कार्यवाही करें।जुवारियों और सट्टेबाजों की भी धरपकड़ की जाय। चालानी कार्यवाही में तेजी लाई जाय, यातायात नियमों का पालन कराए जाने के लिए कार्य योजना बनाकर एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करें। महिला और नाबालिको के विरुद्ध होने वाले अपराधों के पंजीकरण और जांच में लापरवाही न बरती जाए। शत प्रतिशत पंजीकरण कर स्पष्ट विवेचना की जाय। लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों/जांचों का तत्काल निस्तारण करें। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को भी निर्धारित समयांतराल में निस्तारण करें। उन्होंने कहा गुमशुदाओं की शत प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित की जाय। उत्तराखंड पुलिस एप्प का अपने अपने थानो में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें, स्थानीय लोगों को ऐप में निहित गौरा शक्ति का पंजीकरण करते हुए सभी महत्वपूर्ण सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दें। वारंट, नोटिस तथा सम्मन की शत प्रतिशत तामिली की जाय। न्यायालय संबंधित मामलों में लापरवाही न बरतें।माह में जनपद में प्रभावी पुलिसिंग कर महत्वपूर्ण योगदान देने व सराहनीय कार्य करने के लिए उप निरीक्षक नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, उप निरीक्षक प्रभात आगरी, उप निरीक्षक आसिफ खान एलआईयू शाखा, कानि. चंदन मर्तोलिया, पुलिस लाइन नैनीताल, कानि. दिनेश नगरकोटी एसओजी, कानि. प्रकाश पांडेय, एलआईयू शाखा को बेस्ट इंप्लोई ऑफ द मंथ के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी के दौरान डॉ जगदीश चंद्र, एसपी क्राइम/ट्रैफिक, हरबंस सिंह, एसपी सिटी, हीरा सिंह राणा संयुक्त निदेशक विधि, समस्त क्षेत्राधिकारी, सभी थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी तथा इकाइयों के प्रमुख मौजूद रहे।

# 'राजा' बन गए कुंवर प्रणव सिंह पत्नी का टाइटल 'बिष्ट' किया

## कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन ने नाम से कुंवर हटाकर राजा और चैंपियन हटा कर लंढौरा लगा लिया

देहरादून/हरिद्वार(उद संवाददाता)। खानपुर के पूर्व विधायक और बीजेपी नेता कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन ने अपने नाम में और अपनी पत्नी के उपनाम में बदलाव किए हैं। अब प्रणव सिंह ने अपने नाम के आगे से 'कुंवर' हटा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अपने नाम के आगे अब 'राजा' लगा लिया है। यही नहीं उन्होंने अपने नाम से 'चौंपियन' हटा कर 'लंढौरा' लगा लिया है। अब इस बदलाव के बाद प्रणव सिंह का नाम राजा प्रणव सिंह लंढौरा हो गया है। प्रणव सिंह ने अपनी पत्नी के उपनाम में भी बदलाव किए हैं। अभी तक प्रणव सिंह की पत्नी का नाम कुंवरानी देवयानी सिंह लिखा जाता था। अब उनका नया नाम रानी देवयानी बिष्ट होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रणव सिंह का कहना है कि उनकी दादी गढ़वाल के बिष्ट राजपूत परिवार से आती हैं। ऐसे में मातृ शक्ति को पहचान देने के लिए उनके खानदान का जिक्र किया गया है। वहीं इस बदलाव के बाद उनको लेकर कई लोगों ने सोशल मीडिया पर



टिप्पणी भी की। इसके बाद प्रणव सिंह ने फिर एक बार अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में इसके बारे में स्पष्टीकरण दिया। प्रणव सिंह ने लिखा है, देखा कि हमारे द्वारा अपने आज के पोस्ट पर दिये गये "ऐतिहासिक वृतांत" को "बगैर अध्ययन व मनन" किए ही बहुत से साथियों द्वारा प्रतिक्रिया दी जा रही हैं , जो अव्यवहारिक प्रतीत हो रहा है बड़े ही विनम्र भाव से अवगत करा रहे हैं एक महत्वपूर्ण तथ्य को , जिससे आप में से 99% अनभिज्ञ होंगे। जो राज परिवार होते हैं , वो डंतजपंस ब्ेंजम से होते हैं वीर-गुर्जर राजपूत जाट और इन तीनों में , आपस में "वैवाहिक रिश्ते" होते आये हैं।हमारी दादीजी स्वयं उत्तराखण्ड के गढ़वाल से "बिष्ट राजपूत" थीं। विख्यात राजनैतिक व्यक्तित्व "राजा भैया" राजा रघुराज प्रताप सिंह जी , जो वरिष्ठ राजपूत नेता हैं , हमारे भांजे हैं। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री महारानी वसुंधरा राजे जी मराठा क्षत्रिय एक जाट रियासत धौलपुर की महारानी हैं , जिनकी पुत्रवधू कुँवरनी निहारिका जी वीर-गुर्जर , "हमारी भतीजी" हैं। महाराज भरतपुर विश्वेन्द्र जी , जाट समाज से हैं और महारानी दिव्या जी "हमारी भांजी" हैं। मित्रों कर-बद्ध निवेदन है , कृपया उसको पूरा पढ़ें , समझें , और उसके उपरांत ही कोई "आधारभूत टिप्पणी करें , निराधार नहीं"।

# जन्म दिन पर यशपाल आर्य को पहनाया चांदी का मुकुट

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का जन्म दिन कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया। कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा की अगुवाई में रूद्रपुर के कांग्रेसियों ने गाजे बाजों के साथ हल्द्वानी पहुंचकर यशपाल आर्य को जन्म दिन की बधाई दी। हिमांशु गावा की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ता रविवार को हल्द्वानी में यशपाल आर्य के आवास पहुंचे। गाजे बाजों के साथ पहुंचे हिमांशु गावा और अन्य कांग्रेसियों ने यशपाल आर्य को चांदी का मुकुट और बड़ी माला पहनाकर उनका जोरदार अभिनंदन किया। साथ ही उन्हें शॉल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ देकर जन्म दिन की बधाई दी। इस दौरान केक भी काटा गया। यशपाल आर्य ने सभी को केक खिलाया। सभी ने यशपाल आर्य के दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि यशपाल आर्य ने अपनी सरल स्वभाव और स्वच्छ छवि से राजनीति में अलग पहचान बनायी है। उन्होंने विभिन्न दायित्वों पर रहते हुए प्रदेश को नई दिशा



देने का काम किया है। उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया है। गावा ने कहा कि उनके द्वारा पार्टी हित में किये जा रहे कार्यों की बदौलत निश्चित ही भविष्य में कांग्रेस पुनः प्रदेश में सत्ता की बागडोर संभालेगी। यशपाल आर्य ने रूद्रपुर से पहुंचे हिमांशु गावा सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो लोग दूर-दूर से उन्हें आशीर्वाद देने आए हैं, वही उनकी ताकत है। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए यशपाल आर्य ने कहा कि प्रदेश में भाजपा का पतन निश्चित ही है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता का मोह भंग हो चुका है। प्रदेश में आने वाला भविष्य कांग्रेस का है। हम सब मिलकर प्रदेश के विकास में सहयोगी बनेंगे और उत्तराखंड को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए संकल्प बद्ध रहेंगे। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश, हरिंदर सिंह लाडी के अलावा रूद्रपुर से पहुंचे कांग्रेसियों में महानगर कार्यवाहक अध्यक्ष सीपी शर्मा, सौरभ चिलाना, संदीप चीमा, मोहन खेड़ा, सुनील आर्या, पुरूषोत्तम अरोरा, पवन वर्मा, ममता रानी, अबरार अंसारी, अमन जौहरी,सरन पुरेवाल, योगेश चौहान,नंद किशोर गंगवार, विरेन्द्र कोली, बाबू खान, सतीश आदि मौजूद थे।






## पेज एक का शेष...

**कर्णप्रयाग में भी पड़ी..**संपर्क में है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से जोशीमठ की सैटेलाइट तस्वीरें ली जाएंगी। पिछले चार महीनों की तस्वीरों को लेकर समझा जाएगा कि आखिर हालात ऐसे क्यों बन रहे हैं? 2-3 दिन में इसरो की ओर से यह तस्वीरें सामने आ सकती हैं। बता दें जोशीमठ पर पैदा हुआ संकट मामूली नहीं है। भू-गर्भीय रूप से यह इलाका काफी संवेदनशील है और सिस्मिक जोन-5 के अंदर आता है। इस शहर में हो रहे धंसाव की आशंका पहले ही पैदा हो गई थी और सरकार की विशेषज्ञों की टीम ने एक रिपोर्ट भी तैयार की थी।

**समाजसेवा के लिये ..**साथ साथ शहर को स्वच्छ सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए भी संस्था की ओर से प्रयास किये जायेंगे। बता दें कोरोना काल में शहर के बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों ने कोरोना सहायता समूह के माध्यम से जरूरतमंदों की दिल खोलकर सेवा करके मिसाल पेश की थी। कोरोना सहायता समूह के कार्यों की चर्चा इस जिले में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में हुयी। मुख्यमंत्री से लेकर कई मंत्रियों ने भी कोरोना सहायता समूह के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे एक मिसाल बताया था। महज दो चार लोगों ने इस समूह को शुरू करके सेवा कार्यों का आगाज किया था। जिसके के बाद करीब दो सौ से अधिक लोग इस समूह से जुड़कर कोरोना काल में मरीजों और जरूरतमंदो की सेवा के लिए आगे आये। समूह ने न सिर्फ लोगों को घर-घर पहुंचकर मदद पहुंचाई बल्कि अपने खर्च पर कोविड अस्पताल चलाकर मानवता की सेवा की। कोरोना काल बीतने के बाद अब समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए बुद्धिजीवियों ने संस्था का नाम परिवर्तित करके इसे 'संकल्प फाउण्डेशन' का नाम दिया है। सिटी क्लब में आयोजित बैठक में समूह के सभी सहयोगियों से विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। तय किया गया कि अब संकल्प फाउण्डेशन जरूरतमंदों को चिकित्सा के साथ साथ जरूरतमंद बच्चों को उच्च शिक्षा भी देगी। जो भी इसका पात्र होगा उसे दिल्ली की संकल्प संस्था के सहयोग से कोचिंग कराई जायेगी। तय किया गया कि संस्था की बैठक हर माह पहले सोमवार को सिटी क्लब में होगी। जिसमें शहर के उत्थान एवं सामाजिक हित के मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संस्था शहर में जाम, स्वच्छता सहित अन्य ज्वलंत समस्याओं के निस्तारण के लिए भी काम करेगी। इसके लिए जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जायेगा। जरूरत पड़ी तो शासन प्रशासन तक भी आवाज पहुंचाई जायेगी। समाजसेवी जेबी सिंह ने बताया कि कोरोना सहायता समूह को इतने बड़े स्तर पर चलाना आसान नहीं था। शहर के समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने अपनी महानता का परिचय देते हुए इसमें खुलकर सहयोग किया इसी का परिणाम रहा कि कोरोना सहायता समूह बड़े स्तर पर सेवा कार्यों को अंजाम तक पहुंचा पाया। बैठक में विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, मेयर रामपाल सिंह ने सम्बोधित करते हुए कोरोना सहायता समूह द्वारा मानवता की सेवा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से संस्था बनायी गयी थी संस्था उस पर खरी उतरी और पूरे प्रदेश में एक मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि समाजसेवा और शहर हित के लिए संस्था के लोग जो भी निर्णय लेंगे। उसके लिए वह कभी पीछे नहीं हटेंगे। समाजसेवी शिव कुमार अग्रवाल ने कहा कि एकजुट होकर चलने से बड़ी से बड़ी मुश्किल भी आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि संस्था के लोग जो भी निर्णय लेंगे उसमें वह सदैव तत्पर रहेंगे। साथ ही उन्होंने लोगों को योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा से स्वस्थ रखने के लिए जल्द ही अपने निजी खर्च पर बड़ा प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र खोलने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बीमार होकर ईलाज करने के बजाय इस पर ध्यान देना चाहिए कि लोग बिमार ही ना पड़ें। बैठक में डा. रवि फुटेला, रवि सिडाना, अरूण चुघ ने भी विचार रखे। बैठक का संचालन जेबी सिंह और ललित मिगलानी ने किया। इस अवसर पर डाल चन्द्र,डा. मनमोहन सिंह, मनोज अग्निहोत्री, हरीश मुंजाल, चंदर अरोरा, अर्जुन गुप्ता, दिनेश कपूर, अशोक सिंघल, मनीष अग्रवाल,मोहन गोयल, रोहित कपूर,गुंजन सुखीजा, विजय भूषण गर्ग, सुरेन्द्र ग्रोवर,मानिक अरोरा,सुनील ठुकराल, रवि सिडाना,वी के श्रीवास्तव, अभिषेक अग्रवाल, विजेन्द्र माहेश्वरी,उज्जवल गगनेजा, डा.विकास अरोरा सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**कलश यात्रा के साथ..**2 बजे से सायं 5 बजे तक भागवत कथा होगी। जिसमें कथा वाचक आचार्य देशमुख वशिष्ठ जी कथा प्रवचन करेंगे। 14 जनवरी को भागवत कथा का विराम होगा। इस दिन अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ का प्रार।भ भी होगा। साथ ही सुंदर काण्ड पाठ का पारायण भी किया जायेगा। रात्रि नौ बजे से भव्य श्री बालाजी दरबार होगा जिसमें भन गायक नरेश सैनी और सन्नी चड्डा को आमंत्रित किया गया है। 15 जनवरी को भी दिन भर कई कार्यक्रम होंगे उसके बाद शाम को भजन संध्या एक शाम बांके बिहारी के नाम आयोजित होगी। जिसमें मास्टर बॉबी और सिक गोपी शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे। 16 जनवरी को श्री हरि संकीर्तन के अलावा संत समागम और दोपहर में विशाल सवामनी भंडारा होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में पहुंचने का आहवान किया है।

**जलशक्ति मंत्रालय की..**सर्वे आफ इंडिया, एनएमसीजी, राज्य परियोजना प्रबंधन समूह (नमामि गंगे), राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के एक-एक प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। अब तक जो तथ्य सामने आये हैं उसमें जोशीमठ शहर के ग्लेशियर से बहकर आई मिट्टी व बोल्डर के ढेर पर बसा होने के अलावा तपोवन टनल का निर्माण भी भू धंसाव का कारण हो सकता है, लेकिन वास्तविक कारणों का पता तो जांच के बाद ही चल पाएगा।

**दरारों ने नैनीताल में ..**मल्लीताल बैंड स्टैंड के समीप फुटपाथ में बड़ी दरार उभर आई थी। तब विभाग की ओर से तात्कालिक सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए। जुलाई 2022 में सुरक्षा दीवार ढह कर झील में समा गई। जिससे बैंड स्टैंड में भी बड़ी-बड़ी दरारें उभर आई। सिंचाई विभाग सहित प्रशासनिक अफसरों की टीम ने निरीक्षण कर कहा था कि जल्द क्षतिग्रस्त दीवार का काम शुरू हो जाएगा। अब जिम्मेवार लोग उस ओर झांकने तक नहीं जा रहे हैं। बैंड स्टैंड के आसपास बेरीकेडिंग कर दी गई थी। इससे इस स्थल पर खड़े होकर पर्यटकों का झील को नजदीक से निहारना भी बंद है।

**रूद्रपुर के महादानियों..**आभार व्यक्त किया। समाजसेवी एवं सीए हरनाम सिंह ने कोरोना काल में समूह की ओर से किये गये व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि संस्था को कोरोना काल में सेवा कार्यों के लिए विभिन्न दानदाताओं समाजसेवियों से 67 लाख 11 हजार 667 रूपये की धनराशि प्राप्त हुयी। संस्था ने कोविड अस्पताल संचालन से लेकर राशन वितरण व अन्य सेवा कार्यों में कुल 59 लाख 52 हजार 466 रूपये की धनराशि खर्च की। संस्था के पास वर्तमान में 8 लाख 59 हजार 201 रूपये बैलेंस है। इस धनराशि को सभी की सहमति से सामाजिक हित के कार्यों में खर्च किया जायेगा।

**उच्चके ने महिला..**कार्य करती है। 6 जनवरी को सांय वह अपने कार्यालय से वापस आ रही थी। उसने अपने दाहिने हाथ में हरे रंग का बैग पकड़ा था तभी पीछे से मोटरसाईकिल पर सवार एक अज्ञात व्यक्ति उसका बैग झपट्टा मार कर ले गया। जिसमें उसका मोबाईल व आवश्यक कागजात थे। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**युवक ने किशोरी..**पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
SANSUI
LLOYD
mi
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कही ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikhoti +919690256666
Pilikhoti +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)